पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

प्रधानमंत्री का राज्यपाल ने अमौसी एयरपोर्ट पर स्वागत किया

लखनऊ 28 जुलाई, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज चौधरी चरण सिंह अमौसी एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, उपमुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा, डॉ0 रीता बहुगुणा जोशी, डॉ0 महेन्द्र सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 महेन्द्रनाथ पाण्डेय, महापौर डॉ0 संयुक्ता भाटिया, मुख्य सचिव डॉ0 अनूप चन्द्र पांडेय, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह, अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी), अमृत योजना एवं स्मार्ट सिटी मिशन की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी एवं वर्षगांठ समारोह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी 3,897 करोड़ की 99 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

इसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी आज ही दिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री रविवार को फिर लखनऊ आयेंगे और इन्वेस्टर्स समिटि में किए गए एमओयू से जुड़ी लगभग 60 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

अंजुम/ललित/राजभवन (291/28)